## "मिशन शक्ति फेज-5.0" के तहत महोबा पुलिस की मिशन शक्ति/एण्टीरोमियो टीम द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक-

प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे "मिशन शक्ति फेज- 05" के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 24.01.2025 महोबा पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।






## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 25.01.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.01.2025

मीडिया सेल, महोबा

## थाना साइबर क्राइम, जनपद महोबा द्वारा साइबर ठगी के ₹ 2,43,000/- (दो लाख तैतालिस हजार/- ₹) वादी के खाते में वापस कराये गये हैं-

अनजान लिंक के माध्यम से वादी/पीड़ित के साथ साइबर ठगी होने पर पीडित मैयादीन राजपूत पुत्र रामसहाय राजपूत निवासी ग्राम कुढार थाना खरेला जनपद महोबा द्वारा अपने साथ हुए साइबर फ्रॉड की सूचना दिनांक **21.01.2025** को साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद महोबा पर दी गई, जिसके आधार पर मु.अ.सं. **03/2025** धारा **318(4)** बीएनएस व **66 (D)** आईटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर तत्काल कार्यवाही प्रचलित कर दी गई।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा उक्त साइबर ठगी की घटना का संज्ञान लिया गया, जिसके क्रम में इस साइबर ठगी से सम्बन्धित धनराशि वापस कराये जाने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में साइबर अपराधियों के विरुद्ध प्रचलित अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम, श्री फहीम अख्तर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए पेमेण्ट गेटवे सम्बन्धित बैंक के साथ समन्वय स्थापित कर वादी मुकदमा की फ्राड हुयी धनराशि **593000/-**रूपये में से **243000/-** रूपये वापस कराये गये हैं, शेष धनराशि को रिकवर कर शीघ्र वापस कराये जाने हेतु साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं, शीघ्र ही शेष धनराशि को भी वापस करा लिया जायेगा।

थाना साइबर क्राइम जनपद महोबा के द्वारा की गयी त्वरित कार्यवाही से वादी/पीडित अपने रुपये वापस पाकर अत्यन्त प्रसन्न है, पीडित ने पुलिस अधीक्षक महोबा व साइबर क्राइम थाना जनपद महोबा की पुलिस टीम के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया है।

### धनराशि वापस कराने वाली थाना साइबर क्राइम महोबा पुलिस टीमः-

**1.** प्रभारी निरीक्षक मो० फहीम अख्तर, साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद महोबा
**2.** उ0नि0 भूपेन्द्र सिंह, **3.** कां0 शैलेन्द्र प्रताप सिंह
**4.** कां0 सुरजीत कुमार **5.** कां0 अमनदीप सिंह **6.** कां० संदीप यादव

**नोट-** साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल 1930 पर सूचना अंकित कराये, सूचना विलम्ब से देने पर साइबर अपराधियों द्वारा धन निकाल लिया जाता है। धन निकलने के उपरान्त पैसे वापस होने की सम्भावना बहुत कम होती है। लोगो को साइबर ठगों से सावधान रहने की जरुरत है। किसी भी अनजान फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल, ओ०टी०पी०, बायोमैट्रिक डेटा, पैन कार्ड व आधार कार्ड की डिटेल किसी के साथ साझा न करें। फ्रॉड ट्रांजेक्सन होने पर तत्काल अपने बैंक एवं थाना पर गठित साइबर सेल को सूचना दें एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 पर तत्काल शिकायत दर्ज कराएँ।



## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में SPEL (स्टूडेंट पुलिस एक्सप्रिएन्शल लर्निंग प्रोग्राम) के तहत चयनित छात्र- छात्राओं को थाना कोतवाली नगर में पुलिस कार्यप्रणाली की दी गयी जानकारीः-

पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन पर जनपद महोबा में भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, युवा कार्यक्रम विभाग के तत्वाधान में आयोजित हो रहे कार्यक्रम Student Police Experiential Learning (SPEL) कार्यक्रम के तहत आज दिनांक 25.01.2025 को थाना कोतवाली नगर महोबा में प्रशिक्षण हेतु चयनित जनपद महोबा के वीर भूमि डिग्री कालेज महोबा के छात्र/छात्राओं को प्रशिक्षण के क्रम में भीड़ नियंत्रण, पुलिस बीट प्रणाली, पुलिस पेट्रोलिंग के बारे में उ0नि0 सत्यम मिश्रा व क0आ0 अभिषेक कुमार व आरक्षी जय प्रकाश द्वारा अवगत कराया गया तथा छात्र /छात्राओं द्वारा पूछे गये प्रश्नों का समुचित उत्तर दिया गया एवं पुलिस व जनता के बीच आपसी लोक कौशल में सुधार चर्चा की गयी एवं प्रशिक्षण हेतु चयनित छात्र/छात्राओं को सामाजिक समस्याओं से अवगत कराते हुए उनमें संवेदनशीलता विकसित करने व तनाव प्रबंधन सीखने के लिये तथा पुलिस की कार्यप्रणाली एवं विभिन्न अभिलेखों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गयी है।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जनपद महोबा पुलिस के समस्त अधि./कर्म. ने निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रख निर्भीक होकर मताधिकार के प्रयोग की ली शपथ...।

### आपका वोट, आपकी भागीदारी ! सशक्त लोकतंत्र, हम सबकी जिम्मेदारी !!

आज दिनांक 25.01.2025 को **राष्ट्रीय मतदाता दिवस** के अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद के सभी थानों एवं कार्यालयों में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनायें दी गयी एवं सभी को स्वतंत्र,निष्पक्ष एवम् शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को बनाए रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति एवम् अन्य प्रलोभन से परे होकर मतदान करने व कराने की शपथ दिलाई गई।

इस दौरान अवगत कराया गया कि हमारा मताधिकार हमारी शक्ति है, लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिये हम सभी को मतदान करना चाहिये इसलिये आप सोच समझ कर व जागरुक होकर राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए अपने मताधिकार का उपयोग करने का संकल्प लें, मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है और यह हमारा अधिकार भी है और कर्तव्य भी, इसलिये सभी अधिकारी/ कर्मचारीगण चुनाव के दौरान अपने-अपने मताधिकार का शतप्रतिशत प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाये रखने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

इसी क्रम में जनपद के सभी थानों में सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी/थानाप्रभारी द्वारा अपने-अपने थाना/कार्यालय स्टॉफ के साथ राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ ली गयी।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई की पुलिस टीम ने 03 नफर वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 25.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री राधेश्याम वर्मा के द्वारा गठित की गई उ0नि0 श्रीप्रकाश सिंह परिहार मय हमराह कां0 नरेन्द्रबाबू के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना कबरई मे पंजीकृत मु0अ0सं0 25/2025 धारा 303(2)/137(2) B.N.S से सम्बन्धित तीन नफर वांछित अभियुक्तगण क्रमशः 1.ईश्वर दयाल पुत्र सुन्दरलाल उम्र करीब 22 वर्ष, 2.तेज राम पुत्र मुन्ना श्रीवास उम्र करीब 40 वर्ष, 3.राजेश पुत्र मुन्ना अहिरवार उम्र करीब 23 वर्ष निवासीगण ग्राम पठा थाना लवकुशनगर जिला छतरपुर मध्यप्रदेश को थाना क्षेत्र अन्तर्गत रास पहाड़ी सिद्ध बाबा मंदिर की तरफ जाने वाले कच्चे मार्ग से सटे पहाड़ी जंगल बहद ग्राम सिंघनपुर बघारी थाना कबरई जनपद महोबा से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तारी अभियुक्तगण को आवश्यक विधिक कार्यवाही के उपरान्त सम्बन्धित माननीय न्यायाधीश के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 श्रीप्रकाश सिंह परिहार
2. कां0 नरेन्द्र बाबू

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1.ईश्वर दयाल पुत्र सुन्दरलाल उम्र करीब 22 वर्ष,
2.तेज राम पुत्र मुन्ना श्रीवास उम्र करीब 40 वर्ष,
3.राजेश पुत्र मुन्ना अहिरवार उम्र करीब 23 वर्ष
निवासीगण ग्राम पठा थाना लवकुशनगर जिला छतरपुर मध्यप्रदेश



## थाना कबरई की पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र/कारतूस के साथ एक नफ़र अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अवैध शस्त्र के निष्कर्षण पर प्रभावी रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 25.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री राधेश्याम वर्मा द्वारा गठित की गई उ0नि0 चन्द्रशेखर सिंह मय हमराह हे0कां0 राजेन्द्र प्रसाद के द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र के कबरई बांध के पास से चेकिंग के दौरान एक नफर अभियुक्त दीपक पचौरी पुत्र स्व0 रामखिलावन निवासी ग्राम सुकौरा थाना कबरई जनपद महोबा उम्र करीब 48 वर्ष को हिरासत में लिया गया, जिसके कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर देशी मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज की बरामदगी की गई है । बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना कबरई में मु0अ0सं0 26/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही के उपरान्त सम्बन्धित माननीय न्यायाधीश के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया है।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 चन्द्रशेखर सिंह
2. हे0कां0 राजेन्द्र प्रसाद

### गिरफ्तार अभियुक्त-

दीपक पचौरी पुत्र स्व0 रामखिलावन निवासी ग्राम सुकौरा थाना कबरई जनपद महोबा उम्र करीब 48 वर्ष।

### बरामद सम्पत्तिः-

अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर देशी मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद होना।



# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 25.01.2025**

**मीडिया सेल, महोबा**

- **गणतंत्र दिवस के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों, आयोजनों एवं महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।**
- **उच्च स्तर की सतर्कता व सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए।**

आज दिनांक 25.01.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों, आयोजनों तथा तिरंगा यात्रा एवं महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत भारी पुलिस बल के साथ प्रमुख चौराहों, बाजारों, मुख्य मार्गों, बस/रेलवे स्टेशन संवेदनशील व मिश्रित आबादी वाले स्थानों पर पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा सम्बन्धित को सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इस दौरान व्यापारी बन्धुओं व आमजनमानस से वार्ता कर सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी गयी तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा बताया गया कि गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत जनपद के प्रत्येक के कोने पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुयी है, विशेष सुरक्षा इंतजामों के तहत पुलिस बल तैनात है। पुलिस प्रशासन आम नागरिकों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पूर्ण रुप से तैयार है।

